भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1667
उत्तर देने की तारीख 29 जुलाई, 2026

बाढ़ प्रभावित असम के जिलों में इंटरनेट और मोबाइल कनेक्टिविटी

1667. **श्री गौरव गोगोई:**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) जून 2026 में समय से पूर्व आई मानसून बाढ़ के दौरान असम में क्षतिग्रस्त हुए या निष्क्रिय हुए मोबाइल टावरों और ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क बिंदुओं की संख्या और ब्यौरा क्या है;
(ख) वर्ष 2024 और 2025 के दौरान असम के बाढ़ प्रभावित जिलों में दूरसंचार कनेक्टिविटी की बहाली के लिए लगने वाला औसत समय कितना है;
(ग) क्या अत्यधिक बाढ़ की संभावना वाले क्षेत्रों में अधिष्ठापन के लिए किसी बाढ़-प्रतिरोधी दूरसंचार अवसंरचना मानक को अधिसूचित किया गया है; और
(घ) असम के उन गांवों की संख्या और ब्यौरा क्या है जो वर्तमान में भारतनेट ऑप्टिकल फाइबर कार्यक्रम के तहत शामिल किए गए हैं और ऐसे गांवों की संख्या कितनी है जहां कनेक्शन चालू और सक्रिय है तथा ऐसे गांवों की संख्या कितनी है जहां भौतिक अवसंरचना मौजूद है लेकिन सेवा चालू नहीं है?

उत्तर
संचार और ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्रशेखर)

(क) जून 2026 में मानसून की शुरुआत में आई बाढ़ के दौरान असम में कोई भी मोबाइल टावर या ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क पॉइंट क्षतिग्रस्त या निष्क्रिय नहीं हुआ।
(ख) वर्ष 2024 और 2025 में असम के बाढ़ प्रभावित जिलों में दूरसंचार संपर्क बहाल होने का औसत समय 3-4 दिन रहा।

(ग) दूरसंचार विभाग ने आपदाओं के दौरान निर्बाध दूरसंचार कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने के उपाय के रूप में दूरसंचार सेवाओं के लिए मानक परिचालन प्रक्रिया एसओपी-2020 जारी की है। मानक परिचालन प्रक्रिया (एसओपी) में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों सहित आपदा-संभावित क्षेत्रों में दूरसंचार नेटवर्क को सुदृढ़ करने और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के लिए निवारक और तैयारी संबंधी उपायों की रूपरेखा तैयार की गई है। दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) के लिए भौतिक अवसंरचना की सुरक्षा, नेटवर्क व्यतिरेक, महत्वपूर्ण नेटवर्क घटकों का भेद्यता मूल्यांकन, नेटवर्क तत्वों का बैकअप, ओवरलोड रोकथाम उपायों का कार्यान्वयन और अन्य आपदा प्रतिरोधक उपायों को सुनिश्चित करना अपेक्षित है। इसके अतिरिक्त बाढ़ संभावित क्षेत्रों में विशेष उपाय किए जाते हैं जैसे कि चबूतरा ऊंचा रखा जाना और जलप्लावन से बचाने के लिए एक्सचेंजों/महत्वपूर्ण उपकरणों को विशेषकर अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में स्थापित किया जाना।

(घ) असम में भारत नेट ऑप्टिकल फाइबर कार्यक्रम के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों (जीपी) की कुल संख्या 2665 है। कनेक्टेड ग्राम पंचायतें की संख्या 1507 है, जिनमें से 174 ग्राम पंचायतें दिनांक 30.06.2026 तक भारत नेट के तहत ऑपरेशनल हैं।

****